प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में आयोजित विभिन्न हिन्दी गतिविधियां

केन्द्र में दिनांक 09.03.2005 तथा 29.06.2005 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की कुल 2 बैठकें डॉ.आर.वी. नांदेड़कर की अध्यक्षता में आयोजित की गईं जिनमें विभिन्न निर्णय लिए गए तथा अनुवर्ती कार्यवाही की गई। तद्नुसार, केट पुस्तकालय के लिए रुपये 13,779 की हिन्दी पुस्तकें खरीदी गईं। केट की गृह पत्रिका 'प्रगति' के 18 वें अंक के प्रकाशन का निर्णय लिया गया। दिनांक 24.03.2005 को अपराह्न 3 बजे होली की पूर्व संध्या पर एक हास्य-व्यंग समारोह का आयोजन केट के मुख्य सभागृह में किया गया जिसमें लगभग 500 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया तथा सभी उपस्थितों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। दिनांक 25.01.2005 को निदेशक, केट की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 41 वीं समीक्षा बैठक केट में आयोजित की गई जिसमें इन्दौर स्थित केन्द्रीय सरकार के 50 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। बैठक में सचिव द्वारा प्राप्त छः माही रिपोर्टों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा लिए गए निर्णयानुसार समिति की पत्रिका 'दिशा' प्रकाशाधीन है। डॉ. विनोद चन्द्र साहनी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि 'भारत सरकार के कार्यालयों में सरकार की राजभाषा नीति की अनुपालना के प्रति जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यालय में हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि अधिकारी स्वयं हिन्दी में कार्य करें और कर्मचारियों को भी प्रेरित करें, इससे कार्यालय में हिन्दी में कार्य करने का वातावरण निर्मित होगा।उन्होंने कम्प्यूटरों में द्विभाषिक सॉफ्टवेयरों का उपयोग करने पर भी बल देते हुए कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी का हिन्दी के विकास में बेहतर उपयोग किया जा सकता है।'

दिनांक 12.01.2005 तथा 28.06.2005 को कुल दो एक पूर्ण दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनमें क्रमशः 19 तथा 16 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। परमाणु ऊर्जा विभाग के विशेष निर्देशानुसार दिनांक 28.06.2005 को गैर-तकनीकी कर्मचारियों के लिए आयोजित हिन्दी कार्यशाला में 'विकिरण सुरक्षा एवं स्वास्थ्य' विषय पर केट के वैज्ञानिक सहायक श्री एम.के. नायक ने बहुत रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया जिसकी सभी प्रतिभागियों ने काफी सराहना की। इसके साथ-साथ 'आयएसएम 2000 हिन्दी सॉफ्टवेयन पैकेज', 'लेखा संबंधी मुद्दे', 'राजभाषा नीति' और 'विभिन्न हिन्दी पत्राचार' विषयों पर भी व्याख्यान आयोजित किए गए। कर्मचारियों ने मौखिक तथा लिखित प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर व्याख्यान का समय बढ़ाने तथा एक दिन के बजाए दो दिन की कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया।

परमाणु ऊर्जा विभाग की केट में लागू हिन्दी टंकण प्रोत्साहन योजना और मूल टिप्पण एवं आलेखन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत क्रमशः 2 और 3 कर्मचारियों को प्रत्येक तिमाही में पुरस्कृत किया गया।

केट में भारत सरकार, राजभाषा विभाग, हिन्दी शिक्षण योजना, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के निदेशानुसार केट तथा इन्दौर एवं भोपाल शहरों में स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों के पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे संबंधित अपर श्रेणी लिपिकों के लिए दिनांक 21.06.2005 से 23.06.2005 तक हिन्दी शिक्षण योजना जबलपुर के सहायक निदेशक श्री दिलीप साहू के मार्गदर्शन में एक तीन दिवसीय व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम सफलतापूर्णक आयोजित किया गया।

– जय नारायण सोनी

इस अंक में वर्णित केन्द्र की मुख्य उपलब्धियाँ

लेज़र यूरेनियम एनालाइज़र

लेज़र द्वारा जोड़े गये गियर

लेज़र द्वारा रिएक्टर के शीतक ट्यूब की कटिंग

एल एच सी ट्रिपलेट, जैक आधार पर